## खास-खबरें

### जनगणना निदेशक ने कलेक्टर से की सौजन्य भेंट



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** मध्यप्रदेश के जनगणना निदेशक एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने जिले के प्रवास के दौरान कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अंशुल गुप्ता से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी अनिल कुमार डामोर भी उपस्थित रहे। इस बैठक में जिले में जनगणना संबंधी तैयारियों एवं अब तक संपादित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

### दौलताबाद में विहिप-बजरंग दल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, पीथमपुरः** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल बेटमा प्रखंड द्वारा 'सेवा सप्ताह' के अंतर्गत ग्राम दौलताबाद में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा निःशुल्क दवाइयों का लाभ लिया। शिविर में जिला संगठन मंत्री दीपक डावर, जिला सह संयोजक सोनू पटेल एवं बेटमा प्रखंड मंत्री सोमदत्त सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच शिवनारायण पटेल, पीयूष दुबे, भूपेंद्र बागवान, अनिल पांचाल, दीपक कुमरावत, शुभम नागर, उदित नागर, अक्षय नागर, भेरूलाल नागर, आयुष नागर, निलेश सहित कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

### जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास की साधारण सभा में कई प्रस्तावों को मंजूरी

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः** श्री जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास मंदसौर की साधारण सभा पोरवाल छात्रावास, रामटेकरी में समाज के अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समाज के सदस्यों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए। सभा में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय पत्रक एवं आगामी बजट को अनुमोदित किया गया। साथ ही समाज की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट, होली गोठ एवं राजा टोडरमल जयंती के आय-व्यय विवरण को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में वर्ष 2026 के परिचय सम्मेलन के आयोजन पर चर्चा हुई, जिसमें दिसंबर माह में सम्मेलन आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके अलावा प्रस्तावित पोरवाल धाम के निर्माण के लिए नक्शे के अनुमोदन, छात्रावास के किराये में वृद्धि, समाज के प्रत्येक सदस्य के घर पर समाज की नेम प्लेट लगाने तथा पोरवाल युवा संगठन द्वारा समाज की जनगणना कराने जैसे प्रस्तावों पर भी आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक का संचालन सचिव जगदीश काला ने किया, जबकि अंत में रामगोपाल महाजन ने आभार व्यक्त किया। मुख्य प्रवक्ता दिलीप सेठिया ने बताया कि बैठक में ट्रस्टीगण एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### शिक्षक ने अफवाहों से आहत होकर दी जान सुसाइड नोट के आधार पर आरोपी गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** अपने खिलाफ फैलाई गई झूठी अफवाहों से परेशान होकर एक निजी स्कूल के शिक्षक ने रेलवे ट्रैक पर अपनी जान दे दी। शाजापुर जिले के मक्सी थाना पुलिस ने घटना के दो दिन बाद मोबाइल में मिले सुसाइड नोट के आधार पर बुधवार को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान 38 वर्षीय सतीश जोशी निवासी ग्राम सिरोलिया के रूप में हुई है। शव की जांच और शिनाख्त के बाद पुलिस को मृतक के मोबाइल से एक सुसाइड नोट मिला। इसमें सतीश ने लिखा था कि उनके बारे में अफवाहें फैलाई जा रही हैं, जिससे आहत होकर वे यह आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। इस सुसाइड नोट और प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने ग्राम सिरोलिया के ही रहने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में केस दर्ज किया है और उसे जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव के संबंध में बैठक आयोजित



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा कुबेरेश्वर धाम में 21 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित होने वाले गुरुपूर्णिमा महोत्सव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी पूरी सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा आवश्यकता अनुसार पर्याप्त बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### श्रावण माह की तैयारियों को लेकर पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति की बैठक

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः** श्रावण माह 2026 के दौरान होने वाले धार्मिक आयोजनों एवं व्यवस्थाओं को लेकर श्री पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति की बैठक कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा तथा विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि मंदिर दर्शन का समय पूर्ववत प्रातः 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक रहेगा। सुरक्षा कारणों से श्रावण के सोमवार, रविवार, हरियाली अमावस्या, नागपंचमी एवं अन्य प्रमुख पर्वों पर श्रद्धालुओं को गर्भगृह में प्रवेश नहीं मिलेगा और बाहर से ही दर्शन की व्यवस्था रहेगी।

# अतिक्रमण के कारण पीएम श्री स्कूल का निर्माण कार्य रुका

## भवन नहीं बनने से विद्यार्थियों को नहीं मिल पा रहा हायर सेकेंडरी का लाभ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** केंद्र सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के 42 हाई स्कूलों को पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई थी। रायसेन जिले के बाड़ी विकासखंड के ग्राम अलीगंज का हाई स्कूल भी इस योजना में शामिल है। स्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नत करने के लिए चार अतिरिक्त कक्ष, तीन प्रयोगशालाओं और शौचालय निर्माण हेतु लगभग 1.34 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। निर्माण एजेंसी को कार्यादेश जारी होने के बावजूद करीब 10 माह बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

बताया जा रहा है कि स्कूल परिसर की भूमि पर अतिक्रमण होने के कारण निर्माण कार्य अटका हुआ है। निर्माण एजेंसी पीआईयू, स्कूल प्रबंधन और ग्रामीण कई बार प्रशासन को अतिक्रमण हटाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है।




ग्रामीणों के अनुसार अलीगंज हाई स्कूल का पिछले दो वर्षों से कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। स्कूल के हायर सेकेंडरी बनने से आसपास के गांवों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता, लेकिन पर्याप्त भवन और कक्ष उपलब्ध नहीं होने के कारण इस वर्ष कई विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं में प्रवेश नहीं मिल सका।

स्कूल में कक्षाओं की कमी के चलते दो-दो कक्षाओं के विद्यार्थियों को एक ही कमरे में बैठाकर पढ़ाई कराई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण विद्यार्थियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। पीआईयू अधिकारियों ने आशंका जताई है कि यदि शीघ्र निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो स्वीकृत राशि वापस जा सकती है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को मिलने वाली महत्वपूर्ण शैक्षणिक सुविधा प्रभावित होने की संभावना है।

### इंदौर में 26 को स्वर्णकार श्रेष्ठ फाउंडेशन का सम्मान समारोह व परिचय सम्मेलन

**रायसेन।** स्वर्णकार श्रेष्ठ फाउंडेशन द्वारा 26 जुलाई को इंदौर के सायजी होटल में सोनी समाज के शासकीय अधिकारियों का सम्मान समारोह एवं विशाल परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में देशभर से समाज के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाजजन शामिल होंगे। फाउंडेशन के संस्थापक जयप्रकाश सोनी ने बताया कि समारोह में हाल ही में पदोन्नत हुए केंद्र एवं राज्य सरकारों के सोनी समाज के अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। इनमें आईपीएस मनीषा सोनी, आईपीएस सव्य साँची सर्राफ, डीएसपी तारेश सोनी, डीएसपी गायत्री सोनी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के डिप्टी कमिश्नर विशाल सोनी तथा वित्त विभाग के अतिरिक्त संचालक आर.के. सोनी शामिल हैं। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा विधायक मालिनी गौड़, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक चंचल शेखर, भाजपा प्रदेश महामंत्री संगीता सोनी, स्वर्ण कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दुर्गेश सोनी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

## पदभार संभालते ही एक्शन में एसपी प्रियंका शुक्ला, अवैध कारोबारियों पर कसा शिकंजा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** जिले की नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने पदभार ग्रहण करते ही अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उनके निर्देश पर जिलेभर में अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। पुलिस ने सभी थाना प्रभारियों को हिस्ट्रीशीटर, निगरानीशुदा बदमाश, फरार आरोपियों तथा अवैध कारोबार से जुड़े व्यक्तियों की अद्यतन सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उनके आपराधिक इतिहास और वर्तमान गतिविधियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

पुलिस विशेष रूप से अवैध शराब, जुआ-सट्टा, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियार तथा खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर नजर रखे हुए है। आगामी दिनों में जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर दबिश, सत्यापन और गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के सख्त कार्रवाई होगी।

**दो थाना प्रभारियों को किया लाइन अटैचः** मक्सी में बड़े स्तर पर सट्टा कारोबार का खुलासा होने के बाद थाना प्रभारी संजय वर्मा को लाइन अटैच कर दिया गया। वहीं शुजालपुर क्षेत्र में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद थाना प्रभारी प्रवीण पाठक को भी लाइन अटैच किया गया। एसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे के साथ-साथ अवैध कारोबारियों में भी हड़कंप की स्थिति है।

**शहर में सट्टा कारोबार पर उठे सवालः** शाजापुर शहर में सट्टा कारोबार पर प्रभावी रोक नहीं लग पाने को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि जिले के अन्य क्षेत्रों की तरह शहर में भी सख्त कार्रवाई कर अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा।

## राहुल गांधी की हिरासत के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, सड़क पर धरना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने तथा नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन के दौरान कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में बुधवार को भैरूंदा में कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। तेज बारिश के बावजूद कार्यकर्ताओं ने दुर्गा मंदिर चौराहे पर करीब एक घंटे तक धरना देकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन की शुरुआत तहसील कार्यालय से हुई, जहां कांग्रेस के भैरूंदा, गोपालपुर और लाड़कुई ब्लॉक के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार सौरभ शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जंतर-मंतर की घटना की निष्पक्ष जांच, पेपर लीक मामलों में कार्रवाई, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता तथा छात्रों के अधिकारों की सुरक्षा की मांग की गई।

### खुले में शराब पीने वालों पर देहात पुलिस की कार्रवाई

**गंजबासौदा।** शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गंजबासौदा देहात थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की। थाना प्रभारी जय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक एवं संवेदनशील स्थानों पर दबिश दी।

अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर माहौल खराब कर रहे लोगों को मौके पर पकड़कर समझाइश दी गई। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए समन शुल्क भी वसूला गया।

## नौ सूत्रीय मांगों को लेकर डाक कर्मचारियों का प्रदर्शन टारगेट आधारित कार्यप्रणाली का विरोध

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** डाक विभाग के कर्मचारियों एवं ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) ने विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर केंद्र सरकार और डाक विभाग के समक्ष 9 सूत्रीय मांगपत्र प्रस्तुत किया। कर्मचारियों ने टारगेट के नाम पर शोषण बंद करने की मांग करते हुए हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया।

कर्मचारियों का कहना था कि उनकी नियुक्ति डाकघर और रेल डाक सेवा कार्यालयों में निर्धारित दायित्वों के निर्वहन के लिए हुई है, न कि विभिन्न योजनाओं के लक्ष्य पूरे करने के लिए। उनका आरोप है कि कई कर्मचारी अपने वेतन से



राशि खर्च कर खाते खुलवाने को मजबूर हैं, जिससे आर्थिक और मानसिक परेशानी बढ़ रही है।

मांगपत्र में रेल डाक सेवा (आरएमएस) को पुनः प्रभावी बनाने, मेल मोटर सेवा एवं सिविल विंग के रिक्त पदों पर भर्ती, विभाग में भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई, पोस्टल अकाउंट्स के विकेंद्रीकरण पर रोक, वेतन विसंगतियां दूर करने तथा मृतक आश्रितों को रिक्त जीडीएस पदों पर समायोजित करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। कर्मचारियों ने 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित करने की मांग भी उठाई।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी विभाग और सरकार की होगी।

# गंजबासौदा पहुंचे अजय सिंह, छात्रों के मुद्दों पर आंदोलन तेज करने की बात कही



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** मध्य प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह 'राहुल भैया' बुधवार को गंजबासौदा पहुंचे। उन्होंने होटल पुखराज में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं से संवाद कर जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन के दौरान हुई कथित पुलिस कार्रवाई और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

अजय सिंह ने कहा कि छात्रों से जुड़े मुद्दों और हालिया घटनाओं को लेकर कांग्रेस पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि दतिया उपचुनाव के बाद कांग्रेस भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज करेगी।

कार्यक्रम में स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक निशंक जैन, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नितिन दुबे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बंटी गुर्जर, कांग्रेस नेता मयंक तेनगुरिया, राजेश माहेश्वरी, संतोष शर्मा, जगदीश सुहाने, कृष्ण मोहन शर्मा, अमित दुबे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गंजबासौदा प्रवास के दौरान अजय सिंह पूर्व मंत्री वीर सिंह रघुवंशी के निवास भी पहुंचे, जहां कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।


# कार्यालय कलेक्टर जिला-भोपाल एवं समुचित सरकार मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

क्र./1248/भू- अर्जन/2026

भोपाल, दिनांक 17.07.2026

राजस्व प्रकरण क्रमांक 27/ अ-82/2025-26

## घोषणा

### भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) अन्तर्गत धारा -19

चूँकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि संलग्न अनुसूची क्रमांक-01 कॉलम के (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के कॉलम (8) में उनके नाम के सम्मुख दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक है।

चूँकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक-1 में पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 35.61 कि.मी.) हेतु **ग्राम पिपलिया केशो तहसील कोलार जिला भोपाल** की वर्णित भूमि जिसका कृषकवार, खसरावार, विवरण अनुसूची क्रमांक-2 में है, आवश्यक है।

अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 19 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची-2 की भूमि की अनुसूची-1 में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

**अनुसूची (1)**

| क्र. स. | जिला | तहसील | ग्राम | कुल रकबा (हेक्टे.में) | भू-अर्जन का रकबा (हेक्टे. में) | धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | भोपाल | कोलार | पिपलिया केशो | 29.6653 हे. | 8.7557 हे. | संभागीय प्रबंधक संभाग भोपाल म.प्र. सडक विकास निगम,भोपाल | पश्चिमी भोपाल बायपास "4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य ( लंबाई 35.61 कि.मी.) |

**अनुसूची (2)**

**ग्राम का नाम - पिपलिया, केशो, तहसील- कोलार, जिला - भोपाल**

| क्र. स. | भूमि स्वामी का नाम | खसरा क्रमांक | कुल रकबा (हेक्टे.में) | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा (हेक्टे. में) | भूमि की प्रकृति | भूमि का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | राजमल पिता मिश्री लाल | 144 | 0.6500 | 0.0596 | निजी | सिंचित |
| 2 | संजय राणा पिता एम.एस. राणा | 146 | 0.5500 | 0.1896 | निजी | सिंचित |
| 3 | नवीन मीना पिता स्व श्री हरी सिंह मीना | 147/1 | 0.1600 | 0.1540 | निजी | असिंचित |
| 4 | जितेन्द्र मीना पिता स्व श्री हरि सिंह मीना | 147/2 | 0.1500 | 0.0342 | निजी | असिंचित |
| 5 | संजय राणा पिता एम.एस. राणा | 149 | 0.9700 | 0.2661 | निजी | सिंचित |
| 6 | वीरा राणा पति संजय राणा | 150/2 | 0.8100 | 0.1870 | निजी | सिंचित |
| 7 | सुमेर सिंह पिता बटन लाल | 151 | 0.4500 | 0.0910 | निजी | असिंचित |
| 8 | नवीन मीना पिता स्व श्री हरी सिंह मीना | 152/1 | 0.1600 | 0.0944 | निजी | असिंचित |
| 9 | नवीन मीना पिता स्व श्री हरी सिंह मीना | 141/1 | 0.4100 | 0.0275 | निजी | सिंचित |
| 10 | श्रीमती फूलवती पत्नी सुमेर सिंह मीना 1/2, श्रीमती विमलाबाई पत्नी हरीसिंह मीना 1/2 | 143 | 0.6600 | 0.1441 | निजी | सिंचित |
| 11 | भागीरथ पिता बालाप्रसाद (4750/8800), राज कुमार मीना पिता जगदीश मीना(4050/8800) | 131 | 0.8800 | 0.1120 | निजी | सिंचित |
| 12 | सिमरन सिंह गोरेवारा पिता श्री हरपाल सिंह गोरेवारा | 133/1 | 0.0250 | 0.0170 | निजी | असिंचित |
| 13 | चेतन पाटीदार पिता श्री रमेशचंद्र पाटीदार | 133/2 | 1.2150 | 0.2499 | निजी | असिंचित |
| 14 | रंजीत सिंह पुत्र सरदार अमरीक सिंह | 132 | 1.0400 | 0.6830 | निजी | असिंचित |
| 15 | रंजीत सिंह पुत्र सरदार अमरीक सिंह | 136 | 0.2000 | 0.0916 | निजी | असिंचित |
| 16 | श्रीमति सावित्री देवी पति गोरेलाल | 135/1 | 0.8000 | 0.0679 | निजी | असिंचित |
| 17 | श्रीमती सुरेन्दर कौर पति सरदार रंजीत सिंह | 135/2 | 0.4000 | 0.3876 | निजी | असिंचित |
| 18 | रंजीत सिंह पुत्र सरदार अमरीक सिंह | 139 | 0.3500 | 0.0441 | निजी | असिंचित |
| 19 | प्रीतम सिंह मारन पुत्र ठाकुर प्रसाद मारन 1/5, छगनसिंह मारन पुत्र ठाकुर प्रसाद मारन 1/5, गुलाब सिंह मारन पुत्र ठाकुर प्रसाद मारन 1/5, दलसिंह मारन पुत्र ठाकुर प्रसाद मारन 1/5, जगदीश मारन पुत्र ठाकुर प्रसाद मारन 1/5 | 153/1 | 0.7253 | 0.0296 | निजी | सिंचित |
| 20 | श्रीमती विमलाबाई पत्नी देशराज सिंह | 199 | 0.4200 | 0.2305 | निजी | सिंचित |
| 21 | श्री प्रशांत चित्रे पिता श्री रामचंद्र चित्रे (231/5700), श्रीमती विमलाबाई पत्नी देशराज सिंह (5469/5700) | 200/2 | 0.5700 | 0.2858 | निजी | सिंचित |
| 22 | मेहताब सिंह पिता जगन्नाथ पाटीदार | 218 | 0.4000 | 0.0010 | निजी | सिंचित |
| 23 | देवेश चौहान पिता श्री सीताराम ठाकुर | 208 | 0.5000 | 0.0730 | निजी | असिंचित |
| 24 | देवेश चौहान पिता श्री सीताराम ठाकुर | 207 | 0.1400 | 0.0695 | निजी | असिंचित |
| 25 | सीताराम ठाकुर पिता अच्छेलाल ठाकुर | 206/2 | 0.1010 | 0.1010 | निजी | असिंचित |
| 26 | लखनलाल मीना पुत्र बालाप्रसाद | 206/1 | 0.0290 | 0.0290 | निजी | असिंचित |
| 27 | श्रीमती विमलाबाई पत्नी देशराज सिंह | 205/1/1 | 0.1300 | 0.1124 | निजी | असिंचित |
| 28 | सीताराम ठाकुर पिता अच्चेलाल ठाकुर | 205/1/2 | 0.2000 | 0.2000 | निजी | असिंचित |
| 29 | श्रीमति कृष्णा चौहान पत्नी एस आर चौहान | 205/2 | 0.4200 | 0.2925 | निजी | असिंचित |
| 30 | देशराज सिंह पिता जगन्नाथ सिंह | 203 | 0.4500 | 0.0785 | निजी | सिंचित |
| 31 | प्रकाश पिता बद्रीप्रसाद मीना | 123/1 | 1.6000 | 0.1355 | निजी | सिंचित |
| 32 | प्राण सिंह पिता विश्राम सिंह | 123/5 | 0.4000 | 0.0330 | निजी | सिंचित |
| 33 | प्रीतम सिंह पिता गंगाराम | 123/4 | 0.2900 | 0.0960 | निजी | सिंचित |
| 34 | राकेश मीना पिता राजमल मीना | 242 | 0.6600 | 0.2950 | निजी | असिंचित |
| 35 | राजेश मीना पिता राजमल मीना | 243 | 0.7200 | 0.3630 | निजी | सिंचित |
| 36 | विमल सिंह पुत्र देवी सिंह | 241 | 0.2600 | 0.1790 | निजी | असिंचित |
| 37 | दिनेन्द्र पाराशर पुत्र वंशीधर पाराशर (557/9410) राजमल पुत्र देवीसिंह (8853/9410) | 240/1/1 | 0.9410 | 0.0270 | निजी | असिंचित |
| 38 | श्यामबाई पुत्री इमरतलाल 1/5, गनेशीबाई बेवा इमरतलाल 1/5, शिवप्रसाद पुत्र इमरतलाल 1/5, रामकिशन पुत्र इमरतलाल 1/5, दौलतराम पुत्र इमरतलाल 1/5, | 248 | 1.2800 | 0.4970 | निजी | असिंचित |
| 39 | गोविन्द सिंह पिता बटनलाल | 264/1 | 1.2400 | 0.0200 | निजी | असिंचित |
| 40 | सुमेर सिंह पिता बटन लाल | 264/2 | 0.8100 | 0.5533 | निजी | असिंचित |
| 41 | सुमेर सिंह पिता बटन लाल | 266/1 | 1.4390 | 0.4395 | निजी | सिंचित |
| 42 | गजराज सिंह पिता राजमल | 260/2 | 1.5600 | 0.1310 | निजी | सिंचित |
| 43 | नवीन मीना पिता स्व श्री हरी सिंह मीना | 263/1 | 1.1500 | 0.6595 | निजी | असिंचित |
| 44 | जितेन्द्र मीना पिता स्व श्री हरि सिंह मीना | 263/2 | 0.5400 | 0.3563 | निजी | असिंचित |
| 45 | जितेन्द्र मीना पिता स्व श्री हरि सिंह मीना | 265 | 0.2300 | 0.1632 | निजी | असिंचित |
| 46 | जितेन्द्र मीना पिता स्व श्री हरि सिंह मीना | 267/1/1 | 0.3900 | 0.0695 | निजी | सिंचित |
| 47 | लखनलाल मीना पुत्र बालाप्रसाद | 291/1 | 1.6170 | 0.1295 | निजी | सिंचित |
| 48 | लखनलाल मीना पुत्र बालाप्रसाद | 291/2 | 0.1730 | 0.0570 | निजी | सिंचित |
| 49 | मुकेश कुमार पुत्र बालाप्रसाद 325/4000 लखनलाल मीना पुत्र बालाप्रसाद 3675/4000 | 292 | 0.4000 | 0.1480 | निजी | सिंचित |
| | | कुल योग | **29.6653** | **8.7557** | | |

पश्चिमी भोपाल बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 35.61 कि.मी.) हेतु हितबद्ध व्यक्तियों की आंशिक भूमि अर्जन हेतु प्रस्तावित हैं, जिसमें कोई भी व्यक्ति का विस्थापन नहीं हो रहा है।

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील कोलार जिला भोपाल के कार्यालय में किया जा सकता है।

प्रकाशन की तारीख से 30 दिवस की समयावधि में हितबद्व पक्षकार अपनी आपत्ति कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील कोलार जिला भोपाल के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

**म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

**हस्ता./- (प्रियंक मिश्रा)**

म.प्र. माध्यम/127097/2026

**कलेक्टर, जिला-भोपाल एवं म.प्र. समुचित सरकार, म.प्र. शासन**